P.G. HINDI

1. सरहपा का वास्तविक नाम क्या है ?

(A) राहुलभद्र (B) देवसेन (C) विद्याधर (D) कृतदेव

2. आदिकाल को सिद्धसामंत काल किसने कहा ?

(A) रामचंद्र शुक्ल (B) हजारीप्रसाद द्विवेदी
(C) राहुल सांकृत्यायन (D) ग्रियर्सन

3. 'कीर्तिलता' के रचनाकार कौन हैं ?

(A) खयंभू (B) विद्यापति (C) तुलसी (D) जगनिक

4. आदिकाल का समय कब से कब तक माना गया है ?

(A) सन् 1050 - 1318 (B) सन् 1218 - 1326
(C) सन् 918 - 1298 (D) सन् 993 - 1318

5. हिंदी के ललित निबंधकारों में सबसे महत्त्वपूर्ण हैं

(A) रामविलास शर्मा (B) केदारनाथ सिंह
(C) शांतिप्रिय द्विवेदी (D) हजारीप्रसाद द्विवेदी

6. गोरखनाथ के गुरु कौन हैं ?

(A) बालनाथ (B) मत्स्येंद्रनाथ (C) चर्पटीनाथ (D) मीननाथ

7. इनमें से कौन-सी रचना मेरुतुंग की है ?

(A) प्रबंध चिंतामणि (B) वैराट पुराण
(C) हम्मीर रासो (D) कुमारपाल प्रतिबोध

8. आचार्य रामचंद्र शुक्ल के अनुसार 'रासो' शब्द का अर्थ है

(A) रस (B) रसान्वित (C) रसायण (D) रसमय

(*Turn Over*)

Scanned by CamScanner

9. हिंदी के प्रथम महाकवि कौन हैं ?

(A) चंदबरदाई (B) शारंगधर (C) दलपतविजय (D) नरपति नाल्ह

10. हिंदी में 'मैथिलकोकिल' के नाम से कौन विख्यात हैं ?

(A) श्रीधर (B) विद्यापति (C) दयालदास (D) भट्टकेदार

11. जायसी किस धारा का प्रतिनिधित्व करते हैं ?

(A) संत काव्यधारा (B) सूफी काव्यधारा

(C) रामभक्ति काव्यधारा (D) कृष्णभक्ति काव्यधारा

12. 'बीजक' के रचनाकार कौन हैं ?

(A) तुलसीदास (B) मीराबाई (C) सूरदास (D) कबीरदास

13. ज्ञानाश्रयी शाखा का कवि नहीं है

(A) कबीरदास (B) दादूदयाल (C) रसखान (D) मलूकदास

14. 'यह मसीन यह देहरा सतगुरु दिया दिखाई' — पंक्ति किसकी है ?

(A) गुरुनानक (B) रैदास (C) दादूदयाल (D) सुंदरदास

15. किसने सिख धर्म का प्रवर्तन किया ?

(A) श्रीचंद्र (B) गुरुनानक (C) अंगददेव (D) लक्ष्मीचंद

16. निर्गुणपंथी संतों में सर्वाधिक शिक्षित कौन हैं

(A) कबीरदास (B) गुरुनानक (C) सुन्दरदास (D) धर्मदास

17. 'मधुमालती' के रचयिता कौन हैं ?

(A) मंझन (B) कुतबन (C) जायसी (D) कासिम शाह

(Continued)

Scanned by CamScanner

18. इनमें से कौन-सी रचना जायसी की नहीं है ?

(A) पद्मावत (B) चित्रावली (C) अखरावट (D) आखिरकलाम

19. रतनसेन किसका प्रतीक है ?

(A) तन का (B) हृदय का (C) गुरु का (D) मन का

20. 'श्रीसंप्रदाय' के संस्थापक कौन हैं ?

(A) रामानुजाचार्य (B) राघवनंद (C) रामानंद (D) शंकराचार्य

21. 'भक्तमाल' के अनुसार रामानंद के कितने शिष्य हैं ?

(A) पंद्रह (B) बारह (C) नौ (D) दस

22. 'सूरसागर' किसकी रचना है ?

(A) सूरदास (B) कुंभनदास (C) छीत्तस्वामी (D) नंददास

23. नंददास के गुरु कौन हैं ?

(A) कृष्णदास (B) वल्लभाचार्य (C) विट्ठलनाथ (D) रैदास

24. किसने अष्टछाप की प्रतिष्ठा की ?

(A) रामानंद (B) विट्ठलनाथ (C) सूरदास (D) परमानंददास

25. मीराबाई की भक्ति है

(A) सखा भाव की (B) दास्यभाव की
(C) माधुर्यभाव की (D) इनमें से सभी

26. रामचरितमानस की रचना कहाँ प्रारंभ हुई थी ?

(A) काशी में (B) राजापुर में (C) द्वारका में (D) अयोध्या में

Scanned by CamScanner

27. तुलसीदास के दीक्षागुरु कौन हैं ?

(A) श्रीरंग (B) नरहरिदास (C) अग्रदास (D) नाभादास

28. 'रामचरितमानस' कें कितने कांड हैं ?

(A) सात (B) पाँच (C) बारह (D) आठ

29. 'विनयपत्रिका' की भाषा है

(A) अबधी (B) खड़ीबोली (C) ब्रज (D) संस्कृत

30. 'तत्सुखी शाखा' के संस्थापक कौन हैं ?

(A) हृदयराय (B) जीवाराय (C) रामचरणदास (D) शंकरदेव

31. 'काव्यविवेक' के रचनाकार हैं

(A) चिंतामणि (B) भूषण (C) करनेस (D) मतिराम

32. 'माधवानल कामकंदला' किसकी कृति है ?

(A) नंददास (B) पुहकरकवि (C) काशीराम (D) आलम

33. 'अर्धकथानक' किस विधा की रचना है ?

(A) निबंध (B) कहानी (C) आत्मकथा (D) गद्यकाव्य

34. इनमें से कौन-सी रचना केशवदास की नहीं है ?

(A) विज्ञान गीता (B) रस रहस्य (C) कविप्रिया (D) रामचंद्रिका

35. 'बिहारी के दोहे क्या हैं रस के छोटे-छोटे छींटें हैं'- यै पंक्ति किस आलोचक की है ?

(A) हजारीप्रसाद द्विवेदी (B) रामचंद्र शुक्ल
(C) रामविलास शर्मा (D) गणपतिचंद्र गुप्त

(Continued)

Scanned by CamScanner

36. किसने रीतिकाल को श्रृंगारकाल कहा ?

(A) डॉ नगेंद्र
(B) विश्वनाथप्रसाद मिश्र
(C) मिश्रबंधु
(D) हजारीप्रसाद द्विवेदी

37. वीर रस में कविता रचनेवाले रीतिकाल के कवि हैं

(A) भूषण (B) मतिराम (C) घनानंद (D) बोधा

38. सोमनाथ किसके दरबारी कवि थे ?

(A) शाहजहाँ (B) मानसिंह (C) उदयसिंह (D) प्रतापसिंह

39. घनानंद ने अपनी कविता में बराबर किसे संबोधित किया है ?

(A) सुजान (B) लक्ष्मी (C) माणिक (D) रंगमति

40. घनानंद रीतिकाल की किस धारा के कवि हैं ?

(A) रीतिसिद्ध
(B) रीतिमुक्त
(C) रीतिबद्ध
(D) इनमें से सभी

41. दयानंद सरस्वती ने किस समाज की स्थापना की ?

(A) ब्रह्म समाज (B) प्रार्थना समाज (C) आर्य समाज (D) वीर समाज

42. भारतेंदुकाल का एक अन्य नाम क्या है ?

(A) जागरण-काल
(B) बीजवपन-काल
(C) सुधार-काल
(D) पुनर्जागरण-काल

43. द्विवेदी-काल का समय कब से कब तक माना जाता है ?

(A) 1900 - 1918
(B) 1890 - 1915
(C) 1918 - 1936
(D) 1910 - 1925

Scanned by CamScanner

44. 'कविवचनसुधा' पत्रिका के संपादक कौन हैं ?

(A) महावीर प्रसाद द्विवेदी
(B) भारतेंदु हरिश्चंद्र
(C) बालकृष्ण भट्ट
(D) प्रतापनारायण मिश्र

45. 'जीर्ण जनपद' किसकी रचना हैं ?

(A) बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमधन'
(B) राधाकृष्णदास
(C) अंबिकादत्त व्यास
(D) दिवाकर भट्ट

46. खड़ीबोली का प्रथम महाकाव्य किसे माना जाता है ?

(A) साकेत (B) यशोधरा (C) कामायनी (D) प्रियप्रवास

47. 'कामायनी' के रचयिता कौन हैं ?

(A) सुमित्रानंदन पंत
(B) जयशंकर प्रसाद
(C) महादेवी वर्मा
(D) माखनलाल-चतुर्वेदी

48. हिंदी में अंग्रेजी ढंग का पहला मौलिक उपन्यास है

(A) परीक्षा गुरु
(B) नूतन ब्रह्मचारी
(C) भाग्यवती
(D) श्यामा स्वप्न

49. इनमें से 'मुक्तछंद' के प्रवर्तन का श्रेय किन्हें प्राप्त है ?

(A) रामकुमार वर्मा
(B) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'
(C) मैथिलीशरण गुप्त
(D) जयशंकर प्रसाद

50. कौन आधुनिक मीरा के नाम से प्रसिद्ध हैं ?

(A) सुभद्राकुमारी चौहान
(B) कृष्णा अग्निहोत्री
(C) उर्मिला मोदी
(D) महादेवी वर्मा

(Continued)

Scanned by CamScanner

51. हिंदी का प्रथम पत्र इनमें से कौन-सा है ?

(A) उदंत मार्तंड (B) सुधाकर (C) बंगदूत (D) प्रजामित्र

52. हिंदी के ऐतिहासिक उपन्यासकार हैं

(A) प्रेमचंद (B) जैनेंद्र (C) वृंदावनलाल वर्मा (D) संजीव

53. 'आधा गाँव' किसका उपन्यास है ?

(A) राही मासूम रजा (B) मुद्राराक्षस (C) हृदयश (D) अमरकांत

54. गोल्डस्मिथ की किस कृति का अनुवाद श्रीधर पाठक ने 'एकांतवासी योगी' के नाम से किया ?

(A) डेजर्टेड विलेज (B) द ट्रैवेलर
(C) हरमिट (D) ऐज यू लाइक इट

55. 'यशोधरा' किसकी रचना है ?

(A) महादेवी वर्मा (B) रामनरेश त्रिपाठी
(C) राय देवीप्रसाद 'पूर्ण' (D) मैथिलीशरण गुप्त

56. फोर्ट विलियम कॉलेज की स्थापना कब हुई थी ?

(A) 1800 (B) 1805 (C) 1857 (D) 1910

57. 'उक्ति व्यक्तिप्रकरण' के रचनाकार हैं

(A) राड कवि (B) ठाकुर ज्योतिरीश्वर
(C) लल्लूलाल (D) दामोदर शर्मा

58. 'हिंदी नई चाल में ढली' — यह किसका कथन है ?

(A) बालकृष्ण भट्ट (B) भारतेंदु हरिश्चंद्र
(C) राधाचरण गोस्वामी (D) काशीनाथ खत्री

(Turn Over)

Scanned by CamScanner

59. इनमें से कौन-सा उपन्यास प्रेमचंद का है ?

(A) दिव्या (B) जिप्सी (C) गोदान (D) परख

60. 'मधुशाला' किसकी रचना है ?

(A) हरिवंशराय 'बच्चन' (B) गोपाल सिंह नेपाली
(C) रामेश्वर शुक्ल 'अंचल' (D) नरेंद्र शर्मा

61. 'चंद्रगुप्त' किसका नाटक है ?

(A) जी. पी. श्रीवास्तव (B) जयशंकर प्रसाद
(C) लक्ष्मीनारायण मिश्र (D) उदयशंकर भट्ट

62. 'कैसी आग लगाई' किसका उपन्यास है ?

(A) प्रकाशमनु (B) सुरेंद्र वर्मा
(C) असगर वजाहत (D) मिथिलेश्वर

63. 'अंशोक के फूल' निंबध के निबंधकार हैं

(A) विवेकी राय (B) पूर्ण सिंह
(C) आचार्य रामचंद्र शुक्ल (D) आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी

64. सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' किस पत्रिका के संपादक थे ?

(A) सरस्वती (B) मतवाला (C) वार्तावाहक (D) हंस

65. 'आँसू' कैसा काव्य है ?

(A) विरह कांव्य (B) श्रृंगार काव्य (C) व्यंग्य काव्य (D) वीरकाव्य

66. 'समांतर कहानी' आंदोलन के पुरस्कर्ता हैं

(A) अज्ञेय (B) कमलेश्वर
(C) डॉ. महीप सिंह (D) मोहन राकेश

(Continued)

Scanned by CamScanner

67. 'गुलकी बन्नो' कहानी के कहानीकार हैं

(A) मोहन राकेश
(B) निर्मल वर्मा
(C) धर्मवीर भारती
(D) फणीश्वरनाथ 'रेणु'

68. हिंदी की पहली जीवनी कौन-सी है

(A) श्री शंकाराचार्य
(B) धर्मवीर गांधी
(C) बुद्धदेव
(D) दयानंद दिग्विजय

69. 'वाक्यं रसात्मकं काव्यं' —उक्ति किस आचार्य की है ?

(A) वामन (B) विश्वनाथ (C) भामह (D) मम्मट

70. आचार्य मम्मट ने काव्य के कितने हेतु माने हैं ?

(A) तीन (B) पाँच (C) नौ (D) सात

71. भाषा की लघुतम इकाई को क्या कहते हैं ?

(A) शब्द (B) पद (C) ध्वनि (D) पदबंध

72. रीति-सिद्धांत के प्रतिपादक कौन हैं ?

(A) भामह (B) भरतमुनि (C) मम्मट (D) वामन

73. 'नाट्यशास्त्र' के रचयिता कौन हैं ?

(A) भरतमुनि (B) भट्टनायक (C) अभिनव गुप्त (D) शंकुक

74. शृंगार रस का स्थायी भाव है

(A) शोक (B) उत्साह (C) रति (D) भय

75. मिलने के पश्चात् नायक के किसी कारण विदेश चले जाने से जो वियोग होता है, उसे कहते हैं

(A) पूर्वानुराग (B) प्रवास (C) मान (D) अभिमान

Scanned by CamScanner

76. साक्षात् संकेतित अर्थ का बोध करानेवाली शब्द-शक्ति को क्या कहते हैं ?

(A) यौगिक-शक्ति
(B) अभिधा-शक्ति
(C) लक्षणा-शक्ति
(D) व्यंजना-शक्ति

77. साहित्य में सामान्यत: रसों की संख्या कितनी है ?

(A) नौ
(B) पाँच
(C) पंद्रह
(D) चार

78. वक्रोक्ति सिद्धांत के प्रवर्तक कौन हैं

(A) वामन
(B) भरतमुनि
(C) आनंदवर्धन
(D) कुन्तक

79. अरस्तू किसका शिष्य था ?

(A) प्लेटो
(B) सुकरात
(C) रिचर्डस
(D) लोंजाईनस

80. आरस्तू का जीवन-काल है

(A) ई॰ पू॰ 380-350
(B) ई॰ पू॰ 420-375
(C) ई॰ पू॰ 384-322
(D) ई॰ पू॰ 430-365

81. लोंजाइनस का कौन-सा सिद्धांत भारतीय काव्यशास्त्र में वर्णित 'वक्रोक्ति सिद्धांत के समीप है

(A) विरेचन सिद्धान्त
(B) उदात्त तत्व
(C) अभिव्यंजनावाद
(D) नई समीक्षा

82. 'काव्यादर्श' के रचनाकार हैं

(A) कुंतक
(B) क्षेमेंद्र
(C) अभिनव गुप्त
(D) दंडी

83. हिंदी का विकास किस अपभ्रंश से हुआ ?

(A) पैशाची
(B) शौरसेनी
(C) ब्राचड़
(D) मागधी

84. आकार और संरचना की दृष्टि से टिप्पणी के कितने भेद हैं ?

(A) तीन
(B) चार
(C) आठ
(D) छह

(Continued)

Scanned by CamScanner

85. जो पत्र सरकार के आदेशों को व्यक्त करते हैं, उन्हें कहते हैं

(A) ज्ञापन (B) पृष्ठांकन (C) सरकारी पत्र (D) द्रुत पत्र

86. अनुवाद क्या है

(A) कला (B) कला-विज्ञान
(C) विज्ञान (D) इनमें से कोई नहीं

87. 'टेढ़े-मेढ़े रास्ते' उपन्यास के उपन्यासकार हैं

(A) उपेंद्रनाथ अश्क' (B) यशपाल
(C) भगवतीचरण वर्मा (D) अमृतलाल नागर

88. इनमें से कौन-सा उपन्यास आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी का है ?

(A) त्रियुगा (B) पानी के प्राचीर
(C) बाणभट्ट की आत्मकथा (D) बबूल

89. हिंदी का प्रथम गीति नाट्य है

(A) कालिदास (B) करुणालय (C) शिल्पी (D) राधा

90. आचार्य रामचंद्र शुक्ल किस प्रकार के आलोचक हैं ?

(A) ध्वनिवादी (B) रीतिवादी (C) अलंकारवादी (D) रसवादी

91. लक्ष्य भाषा का संबंध किससे है ?

(A) मूलपाठ से (B) अनूदित पाठ से
(C) दोनों से (D) इनमें से किसीसे नहीं

92. नाइडा ने अनुवाद प्रक्रिया के कितने सोपान बताये हैं ?

(A) चार (B) आठ (C) ग्यारह (D) तीन

Scanned by CamScanner

93. टीकानुवाद का दूसरा नाम है

(A) भाष्य (B) सार (C) प्रतिशब्द (D) गुणानुवाद

94. किस अनुवाद में अनुवादक अपनी मौलिक प्रतिभा का परिचय खुलकार दे पाता है ?

(A) शब्दानुवाद (B) टीकानुवाद (C) भावानुवाद (D) सारानुवाद

95. भारत में रेडियो का नाम क्या है ?

(A) एफ. एम (B) संचार (C) वार्ता (D) आकाशवाणी

96. कंप्यूटर में किसके माध्यम से विवरण दर्ज किया जाता है ?

(A) रैम (B) की बोर्ड (C) माउस (D) हार्ड डिस्क

97. संप्रेषण सिद्धांत के प्रवर्तक कौन हैं ?

(A) आई. ए. रिचडर्स (B) क्रोचे (C) अरस्तू (D) प्लेटो

98. कौन सी भाषा राजभाषा कहलाती है ?

(A) बोलचाल की भाषा (B) प्रशासन की भाषा
(C) जनता की भाषा (D) अहिंदी प्रांत की भाषा

99. 'क्या भूलूँ क्या याद करूँ' किसकी रचना है ?

(A) भुवनेश्वर मिश्र (B) वियोगी हरि
(C) भाई परमानंद (D) हरिवंशराय बच्चन

100. हिंदी में डॉ. नामवर सिंह की प्रसिद्धि किस रूप में है ?

(A) मार्क्सवादी आलोचक (B) रसवादी आलोचक
(C) सौष्ठववादी आलोचक (D) उपर्युक्त सभी

RC–1,000

Scanned by CamScanner